KANNAUJ POLICE

दिनाँकः- 12 अगस्त 2024 प्रेस नोट जनपद कन्नौज

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शनः शताब्दी समारोह के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को श्रद्धांजलि दी गयी तथा स्थानीय शहीदों व दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

आज दिनाँक 12.08.2024 को पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा सदर तहसील में स्तिथ शहीद स्मारक में स्थानीय शहीदों व दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि आज हम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उस ऐतिहासिक घटना के 100 वर्ष पूरे होने का गौरवशाली अवसर मना रहे हैं, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव को हिला कर रख दिया था। यह दिन काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी के रूप में देशभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। 09 अगस्त, 1925 को उत्तर प्रदेश के काकोरी नामक स्थान पर हुई इस घटना को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और साहसिक कदम माना जाता है। इस दिन राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह, और चंद्रशेखर आज़ाद जैसे वीर क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश सरकार की ट्रेन से सरकारी खजाना लूटकर स्वतंत्रता संग्राम के लिए धन जुटाया था। इन कार्यक्रमों में उन महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है जिन्होंने न केवल इस घटना को अंजाम दिया, बल्कि अपने प्राणों की आहुति देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वतंत्रता की नींव रखी। काकोरी ट्रेन एक्शन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महान बलिदानों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। आज के दिन हम उन सभी नायकों को नमन करते हैं और यह संकल्प लेते हैं कि उनकी कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। यह शताब्दी समारोह हमें उनके आदर्शों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश पुलिस